समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

खुशखबरी ! 8वां वेतन आयोग लागू होने के बाद बढ़ेगी सैलरी, जाने कंब से मिलेगा लाभ ।

Publisher

Published on 14 Jul 2025

जनवरी 2026 से लागू हो सकता है 8वां वेतन आयोग, सरकारी कर्मचारियों और पेशंनभोगियों की सैलरी मे 30% से ज्यादा की बढ़ोतरी संभव ।

नई दिल्ली : देश के **44 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारी** और **68 लाख पेशंनभोगी** लंबे समय से जिस फैसले का इंतजार कर रहे थे, वह अब धीरे-धीरे मूर्त रूप ले रहा है । इस साल की शुरुआत में केंद्र सरकार ने **8वे वेतन आयोग** के गठन को मंजूरी दे दी थी, जिसका उद्देश्य **वेतन** और **पेशंन ढांचे** को दोबारा निर्धारित करना है ।

हालांकि फिलहाल इसका आधिकारिक ऐलान बाकी है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आयोग की सिफारिशें **2025 के अंत तक** सरकार को सौंपी जा सकती हैं, और इसे **जनवरी 2026** से लागू करने की संभावना जताई जा रही है ।

8वे वेतन आयोग की सिफारिश कब होगी लागू ?

रिपोर्ट के मुताबिक, यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो **आठवां वेतन आयोग 2026** के शुरुआती महीनों में लागू किया जा सकता है । हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार इसे **वित्त वर्ष 2027** से प्रभावी करने पर भी विचार कर सकती है ।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वेतन आयोग की सिफारिशें **केंद्र सरकार की मंजूरी** और **समयबद्ध कार्रवाई** पर निर्भर करती हैं ।

कितनी बढ़ेगी सैलरी और पेशंन ?

रिपोर्ट के मुताबिक, **केंद्रीय कर्मचारियों** और **पेशंनभोगियों के वेतन/पेशंन मे करीब 30 से 34 प्रतिशत** तक की बढ़ोतरी हो सकती है । इस बढ़ोतरी से सरकार पर **1.80 लाख करोड़ रुपये** का **अतिरिक्त वित्तीय बोझ** पड़ने का अनुमान है ।

यह बढ़ोतरी फिटमेंट **फैक्टर, महंगाई दर,** और **कर्मचारियों की ज़रूरतों** को ध्यान में रखते हुए की जाएगी ।

वेतन आयोग क्यों होता है जरूरी ?

हर **10 साल मे केद्रं सरकार वेतन आयोग** का गठन करती है ताकि:

१. **महंगाई और जीवन स्तर मे बंढ़ोतरी को वेतन मे संमायोजित किया जा सके**

२. **कर्मचारियों को बेहतर भत्ते, बोनस और सुविधाएं दी जा सके**

३. **वित्तीय असमानता और संतुलन को ठीक किया जा सके**

४. **देश की अर्थव्यवस्था और बजट संतुलन को भी ध्यान मे रंखा जा सके**

५. **पहला वेतन आयोग 1946 मे गंठित किया गया था और तब से लेकर अब तक यह 8वीं बार वेतन समीक्षा प्रक्रिया की जा रही है**।

कर्मचारी संगठनों की प्रतिक्रिया

कई **कर्मचारी यूनियनों** और **फेडरेशनों ने सरकार** से मांग की है कि **आठवां वेतन आयोग** जल्द से जल्द लागू किया जाए और **वेतन-भत्तों** की समीक्षा इस बार पहले से अधिक **न्यायसंगत** और **व्यापक** हो। साथ ही, **रिटायर्ड पेशंनर्स** के लिए भी विशेष राहत की मांग की गई है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.